टीके की जानकारी का वक्तव्य

# वेरीसेला (चेचक) टीका:
## *आपको जो जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**वेरीसेला टीका वेरीसेला** को रोक सकता है।

**वेरीसेला**, जिसे "चेचक" भी कहा जाता है, के कारण खुजलीयुक्त दाने होते हैं जो आमतौर से एक सप्ताह तक रहता है। इसके कारण बुखार, थकान, भूख बंद होना और सिरदर्द हो सकता है। इससे त्वचा में संक्रमण, निमोनिया, रक्त वाहिकाओं की सूजन, मस्तिष्क और/या रीढ़ की हड्डी के आवरण में सूजन, और रक्त, हड्डियों या जोड़ों के संक्रमण हो सकते हैं। चेचक से पीड़ित कुछ लोगों को वर्षों बाद "शिंगल्स" (जिसे हरपीज ज़ोस्टर भी कहा जाता है) नामक दर्दनाक दाने हो जाते हैं।

चेचक आमतौर पर हल्की होती है, लेकिन यह 12 महीने से कम उम्र के शिशुओं, किशोरों, वयस्कों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में गंभीर हो सकती है। कुछ लोग इतने बीमार हो जाते हैं कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ जाती है। यह अक्सर नहीं होता है, लेकिन लोग चेचक से मर सकते हैं।

अधिकांश लोग जिन्हें वेरीसेला का टीका लगाया गया है, वे जीवन भर के लिए सुरक्षित रहेंगे।

## 2. वेरीसेला टीका

**बच्चों** को आमतार से वेरीसेला टीके की 2 खुराकों की जरूरत होती है:
- पहली खुराक: 12 से 15 महीने की आयु में
- दूसरी खुराक: 4 से 6 वर्ष की आयु में

**बड़े बच्चों, किशोरों,** और **वयस्कों** को भी वेरीसेला टीके की 2 खुराकों की जरूरत होती है अगर वे पहले चेचक के लिए प्रतिरक्षित नहीं हैं।

वेरीसेला टीका अन्य टीकों के साथ ही दिया जा सकता है। इसके अलावा, 12 महीने से 12 साल की उम्र के बीच के बच्चे को MMR (खसरा, कण्ठमाला, और रूबेला) वैक्सीन के साथ एक ही शॉट में वैरिसेला वैक्सीन दिया जा सकता है, जिसे MMRV के रूप में जाना जाता है। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:
- **वेरीसेला टीके की पिछली किसी खुराक के बाद एलर्जी प्रतिक्रिया हुई थी**, या उसे कोई **गंभीर, जीवन के लिए खतरनाक एलर्जी है**
- **गर्भवती** हैं या सोचती है कि वे गर्भवती हो सकती हैं—गर्भवती महिलाओं को वेरीसेला टीका नहीं लगवाना चाहिए
- एक **कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली है**, या **वंशानुगत या जन्मजात प्रतिरक्षा प्रणाली की समस्याओं के इतिहास वाले माता-पिता, भाई या बहन हैं**
- **सैलिसाइलेट** (जैसे एस्पिरिन) ले रहा हैं
- हाल में **एक रक्त आधान हुआ था या कोई अन्य रक्त उत्पाद प्राप्त किया है**
- **क्षय रोग है**
- **पिछले 4 सप्ताहों में कोई अन्य टीका लिया है**

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता वेरीसेला के टीकाकरण को किसी भविष्य की मुलाकात तक के लिए स्थगित कर सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले शिशुओं का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर वेरीसेला का टीका लेने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

## 4. टीके के लिए प्रतिक्रिया के जोखिम

- वेरीसेला टीकाकरण के बाद इंजेक्शन से बांह में दर्द, शॉट दिए जाने वाले स्थान पर लालिमा, बुखार और हल्के दाने हो सकते हैं।
- अधिक गंभीर प्रतिक्रियाएँ बहुत दुर्लभ रूप से होती हैं। इनमें शामिल हो सकते हैं, निमोनिया, मस्तिष्क और/या मेरु रज्जु कवरिंग का संक्रमण, या दौरे जो प्राय: बुखार से जुड़े होते हैं।
- प्रतिरक्षा प्रणाली की गंभीर समस्याओं वाले लोगों में, यह टीका एक संक्रमण का कारण बन सकता है जो जीवन के लिए खतरा हो सकता है। प्रतिरक्षा प्रणाली की गंभीर समस्याओं वाले लोगों को वेरीसेला टीका नहीं लगवाना चाहिए।

किसी टीका प्राप्त व्यक्ति में ददौरे विकसित होना संभव है। यदि ऐसा होता है, तो वेरीसेला टीका वायरस किसी असुरक्षित व्यक्ति तक फैल सकता है। जिस किसी को भी दाने हो जाते हैं, उन्हें शिशुओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों से तब तक दूर रहना चाहिए जब तक कि दाने दूर नहीं हो जाते। अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें।

चिकनपॉक्स के खिलाफ टीका लगाए गए कुछ लोगों को सालों बाद दाद (हर्पीस ज़ोस्टर) हो जाता है। चेचक रोग के बाद की तुलना में टीकाकरण के बाद ऐसा बहुत कम होता है।

कभी-कभी लोग टीकाकरण सहित, चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

जैसा कि किसी भी दवा के साथ होता है, इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि किसी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट या मृत्यु होती हो।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम

नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम (National Vaccine Injury Compensation Program, VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जो उन लोगों को मुआवजा देने के लिए बनाया गया था जो कुछ टीकों से घायल हो सकते ह. टीकाकरण के कारण लगने वाली कथित चोट या मृत्यु के बारे में दावों को फाइल करने के लिए एक समय सीमा होती है, जो दो साल जैसी छोटी अवधि हो सकती है। प्रोग्राम और किसी दावे को भरने के बारे में जानने के लिए VICP वेबसाइट **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएं या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

## 7. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** पर कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

**Hindi** translation provided by Immunize.org